महाराजा बिजली पासी राजकीय महाविद्यालय

भारत सरकार के महत्वाकांक्षी **"आजादी का अमृत महोत्सव"** कार्यक्रम की श्रंखला में महाराजा बिजली पासी शासकीय महाविद्यालय में दिनांक 8 अगस्त 2022 को किस्सागोई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम **काकोरी ट्रेन एक्शन डे** पर आधारित था जो भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक दृष्टि से दूरगामी प्रभाव रखने वाली घटना है जो विश्व विख्यात है ।

छात्रों–छात्राओं ने काकोरी प्रकरण की कहानी को अत्यंत भावपूर्ण रूप से प्रस्तुत किया जिससे छात्र छात्राओं का ज्ञानवर्धन हुआ।

बीए सेमेस्टर 4 की छात्राओं – **अंशु सिंह, मईली और निशिता कन्नौजि**या ने इस क़िस्सागोई को सफल बनाने की दिशा में कार्यक्रम क्रियान्वयन एवं तैयारियों में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया ।

कार्यक्रम का संचालन डॉ सनोबर हैदर ने किया एवं अध्यक्षता डॉ शकुंतला गिरी द्वारा की गई ।